कोटद्वार, गुरूवार
19 फरवरी 2026
वर्षः 48
अंकः 266 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### स्योरी मोटर मार्ग पर वाहन खाई में गिरा, एक की मौत

उत्तरकाशी। स्योरी मोटर मार्ग पर बिंगसी गांव के समीप बीते मंगलवार शाम को एक वाहन अनियंत्रित हो कर गहरी खाई में गिर गया। घटना में वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि वाहन चालक को मामूली चोटें आई है। जानकारी के अनुसार वाहन चालक आजाद चौहान अपने वाहन को लेकर गांव जा रहा था। उनके साथ बिंगसी गांव का प्रकाश लाल भी सवार था। वाहन बिंगसी गांव के समीप दुर्घटनाग्रस्त होकर लगभग 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इसमें प्रकाश लाल (22) पुत्र संत लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी नौगांव ले कर जा रहे थे लेकिन उसने अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में दम तोड़ दिया। जबकि वाहन चालक को मामूली चोट आई है। चौकी इंचार्ज एसआई राजेश कुमार ने बताया कि घटना मंगलवार शाम की है। वाहन में चालक सहित दो लोग सवार थे।

### डम्पर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रुद्रपुर : हल्द्वानी मंडी से घर लौट रहे एक युवक को बुधवार को चोरगलिया-हल्द्वानी सिडकुल मार्ग पर कल्याणपुर के पास एक डंपर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक रुद्रपुर स्थित सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत स्थित ग्राम मैदना (न्यूरिया) निवासी 23 वर्षीय अमर सिंह पुत्र रामचंद्र, अपने 14 वर्षीय चचेरे भाई गौतम सिंह के साथ बाइक से हल्द्वानी मंडी गया था। बुधवार को वापसी के दौरान सिसौना-कल्याणपुर के पास पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक असंतुलित होकर गिर गई और दोनों सड़क पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल उप जिला अस्पताल, सितारगंज में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने अमर सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि गौतम की नाजुक हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। एसआई सुरेंद्र सिंह दानू ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन समेत फरार हो गया है।(एजेंसी)

### दून पुलिस का वारंटियों पर बड़ी कार्रवाई, एक ही रात में 27 गिरफ्तार

देहरादून। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के सख्त निर्देश पर दून पुलिस ने फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों ने सघन अभियान चलाकर 27 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंटों की शत–प्रतिशत तामीली के स्पष्ट निर्देश दिए थे। 17 फरवरी की रात पुलिस ने नेहरू कॉलोनी, पटेलनगर, ऋषिकेश, रायपुर, डालनवाला, क्लेमेंटटाउन, कैंट और जाखन समेत विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी। इस दौरान विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे 27 वारंटियों को दबोचा गया।

### ईडी ने डिजिटल अरेस्ट केस में 1.76 करोड़ रुपये अटैच किए

जालंधर ,जालंधर जोनल ऑफिस, डायरेक्टरेट ऑफ एनफोर्समेंट (ईडी) ने 14 फरवरी 2026 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए), 2002 के तहत एक प्रोविजनल अटैचमेंट ऑर्डर जारी किया। इस ऑर्डर के तहत एस. पी. ओसवाल के डिजिटल अरेस्ट केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1.76 करोड़ रुपए का बैंक बैलेंस अटैच किया गया है। अटैच की गई राशि एक म्यूल एंटिटी मेसर्स मृत्युंजय मल्टीट्रेड के बैंक अकाउंट में पड़ी थी, जिसका इस्तेमाल विभिन्न साइबर ऋाइम और डिजिटल अरेस्ट मामलों से प्राप्त अवैध धन को प्राप्त करने और ट्रांसफर करने के लिए किया जा रहा था। ईडी ने साइबर ऋाइम पुलिस स्टेशन, लुधियाना द्वारा बीएनएसएस, 2023 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ठगों ने खुद को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बताकर लुधियाना के प्रसिद्ध उद्योगपति और वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन एस. पी. ओसवाल को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाया।

## वित्त मंत्री का फर्जी विज्ञापन, साइबर ठगों ने उड़ाए 48 लाख

देहरादून : उत्तराखंड में साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। ठगों ने अब आम जनता को ठगने के लिए देश के कद्दावर नेताओं और बड़े उद्योगपतियों के नाम का सहारा लेना शुरू कर दिया है। ताजा मामलों में साइबर ठगों ने सूबे के एक मशहूर मिठाई कारोबारी और चमोली के एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाते हुए करीब 48.66 लाख रुपये की चपत लगा दी है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पहला केस देहरादून का है यहां आनंदम स्वीट्स के मालिक आनंद स्वरूप गुप्ता निवासी नेहरू रोड, डालनवाला ने पुलिस को लिखित शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनका खाता एचडीएफसी बैंक में है। 9 फरवरी को एक अनजान युवक ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। आरोप है कि साइबर ठगों ने उनके खाते से 24.95 लाख रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि साइबर ठगों ने एक दिन में उनके खातों से पांच विभिन्न खातों में यह धनराशि ट्रांसफर की। नौ फरवरी को उनका मोबाइल बंद हुआ जो 12 फरवरी को खुला। उन्होंने बैंक से संपर्क किया। बैंक से जानकारी मिली कि उनके खाते से धनराशि ट्रांसफर हो चुकी है। वहीं पुलिस का कहना है कि आए दिन हो रही साइबर ठगी से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। साइबर अपराधियों ने मोटे मुनाफे का लालच देकर 23.71 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर दी। साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मकर सिंह नेगी निवासी चमोली ने साइबर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। बताया कि 7 अगस्त 2025 को वह अपने घर पर फेसबुक चला रहे थे। उन्होंने एक विज्ञापन देखा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में और गूगल सीईओ सुंदर पिचाई द्वारा निवेश के लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक से 21 हजार रुपए निवेश की बात कही गई।

### रुद्रपुर में फर्जी जनसेवा केंद्र का भंडाफोड़, एसटीएफ ने एक दबोचा

रुद्रपुर। रुद्रपुर में एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। साल भर से ट्रांजिट कैंप में एक फर्जी जनसेवा केंद्र संचालित हो रहा था, जहां बाहरी राज्यों के लोगों के फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज बनाए जा रहे थे। एसटीएफ और पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए केंद्र के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी 'पिक्सेल लैब' ऐप के जरिए दस्तावेजों को एडिट कर फर्जीवाड़ा करता था। टीम ने मौके से आधार–पैन सहित 97 से अधिक दस्तावेज और उपकरण बरामद किए हैं।

मंगलवार को एसटीएफ के उपनिरीक्षक विपिन जोशी और उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल मठपाल के नेतृत्व में टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मछली मार्केट रोड स्थित 'गंगवार जनसेवा केंद्र' में बाहरी राज्यों से आए श्रमिकों के फर्जी आधार और पैन कार्ड तैयार किए जा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने दुकान पर छापा मारा। मौके पर मौजूद युवक ने अपनी पहचान रामपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी गड्ढा कॉलोनी, शिमला बहादुर, ट्रांजिट कैंप चेतन कुमार के रूप में दी। जांच में सामने आया कि आरोपी पिक्सेल लैब ऐप के जरिए दस्तावेजों में नाम और पता बदलकर उनका प्रिंट निकाल लेता था।

## सीएम धामी ने किया 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026' का शुभारम्भ

### चंपावत को साहसिक पर्यटन का राष्ट्रीय हब बनाने का लक्ष्य, पैराग्लाइडिंग से रिवर राफ्टिंग का होगा आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय, देहरादून से वर्चुअल माध्यम से 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026' का शुभारम्भ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत की पुण्य भूमि इतिहास, अध्यात्म और संस्कृति की धरोहर रही है। उनके अनुसार 'चंपावत सरस कॉर्बेट महोत्सव-2026' केवल सात दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की सांस्कृतिक गरिमा, प्राकृतिक सौंदर्य, मातृशक्ति के सामर्थ्य, युवाओं के उत्साह और आत्मनिर्भर उत्तराखंड के संकल्प का जीवंत उत्सव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चंपावत को आदर्श एवं श्रेष्ठ जिला बनाने के उद्देश्य से अनेक विकासपरक परियोजनाओं पर निरंतर कार्य किया जा



रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत पैराग्लाइडिंग, माउंटेन बाइकिंग, हॉट एयर बलून, रिवर राफ्टिंग, पैरामोटरिंग, पक्षी अवलोकन और ट्रेकिंग जैसी साहसिक गतिविधियों के माध्यम से चंपावत को राष्ट्रीय स्तर पर साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रयासों से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के साधन विकसित होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि जिम कॉर्बेट और उनकी कहानियां देश-दुनिया में प्रसिद्ध हैं। उनकी आत्मकथाओं के माध्यम से चंपावत-लोहाघाट क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर वन्यजीव प्रेमियों और टाइगर लवर्स के बीच पहचान मिली। वर्ष 1907 में चंपावत क्षेत्र में कुख्यात आदमखोर बाघिन का अंत कर उन्होंने सैकड़ों लोगों की जान बचाई और आगे चलकर वन्यजीव संरक्षण की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यही कारण है कि यह क्षेत्र आज भी साहस, इतिहास और प्रकृति प्रेम का अद्भुत केंद्र माना जाता है। कहा कि महोत्सव में मधुबनी चित्रकला एवं आधुनिक कला कार्यशालाएं, क्विज प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, लोक संस्कृति कार्यक्रम और जागरूकता कार्यशालाएं इसे बहुआयामी स्वरूप प्रदान करेंगी। साथ ही आयोजित खाद्य उत्सव पारंपरिक व्यंजनों को नई पहचान देगा। स्थानीय उत्पादों और व्यंजनों का यह संगम नई पीढ़ी को अपनी खाद्य संस्कृति से परिचित कराने के साथ स्थानीय उत्पादकों की आय बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ-साथ प्रदेश की पहचान, संस्कृति और सामाजिक संतुलन की रक्षा के लिए संकल्पित है। ह्वविकास भी और विरासत भीह्व के विकल्प रहित संकल्प के साथ उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में सरकार प्रतिबद्ध है।

## पाकिस्तान को लगेगा एक और झटका

## सिंधु के बाद अब रावी का भी पानी रोकेगा भारत

नई दिल्ली , सिंधु जल संधि के निलंबन के बाद भारत अब पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका देने की तैयारी में है। केंद्र सरकार रावी नदी के भारत के हिस्से के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। यदि यह योजना लागू होती है तो गर्मियों के दौरान पाकिस्तान में जल संकट और गहरा सकता है। पंजाब और जम्मू–कश्मीर की सीमा पर बन रही शाहपुर कंडी बांध परियोजना अब लगभग पूरी होने के करीब है। बताया जा रहा है कि इस परियोजना के पूरा होने के बाद रावी नदी के अतिरिक्त पानी को पाकिस्तान की ओर बहने से रोका जा सकेगा। जम्मू–कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राना ने कहा कि बांध के पूरा होते ही रावी के अतिरिक्त जल को कठुआ और सांबा जैसे सूखाग्रस्त जिलों की ओर मोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना कंडी क्षेत्र के लिए प्राथमिकता पर बनाई जा रही है और इसका उद्देश्य स्थानीय जरूरतों को पूरा करना है। उनके अनुसार, 31 मार्च तक परियोजना का कार्य पूरा हो सकता है। वर्तमान में रावी



नदी के भारत के हिस्से का कुछ अतिरिक्त पानी भी बहकर पाकिस्तान चला जाता है। शाहपुर कंडी बांध के माध्यम से इस जल को रोककर पंजाब और जम्मू–कश्मीर के सूखा प्रभावित इलाकों में सिंचाई के लिए उपयोग किया जाएगा। इस परियोजना की परिकल्पना वर्ष 1979 में की गई थी। वर्ष 1982 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसकी आधारशिला रखी थी। हालांकि पंजाब और जम्मू–कश्मीर के बीच विवाद के कारण निर्माण कार्य लंबे समय तक रुका रहा। वर्ष 2008 में इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया। करीब 3394 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस बांध में पंजाब सरकार ने लगभग 2694 करोड़ रुपये और केंद्र सरकार ने 700 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। बांध की ऊंचाई लगभग 55 मीटर और लंबाई 7.7 किलोमीटर है। इसके जरिए पंजाब में करीब 5000 हेक्टेयर भूमि तथा जम्मू क्षेत्र के कठुआ और सांबा जिलों में 32 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई संभव होगी। पूर्व सिंचाई मंत्री ताज मोहिदीन का कहना है कि सिंधु जल संधि बांध के संचालन को नियंत्रित नहीं करती, क्योंकि रावी नदी के जल पर भारत का अधिकार है।

### रायबरेली में तेज रफ्तार कार पलटी, तीन की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

रायबरेली , उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले में बुधवार को एक सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा डीह थाना क्षेत्र के परशदेपुर स्थित गोपालपुर गांव के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार काफी तेज गति से जा रही थी। अचानक चालक का वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया और कार सड़क किनारे पलटते हुए कई बार घूम गई।

हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और राहत–बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है और उनका इलाज जारी है।

## आएगा भूचाल और तबाह हो जाएंगे दुनिया के कई शहर

### 15,000 'शहर–नाशक एस्टेरॉयड्स का खतरा, नासा वैज्ञानिक ने दी चेतावनी

नई दिल्ली , पृथ्वी की सुरक्षा को लेकर नासा के एक वैज्ञानिक ने गंभीर चेतावनी जारी की है। नासा की ग्रह रक्षा विशेषज्ञ के अनुसार, पृथ्वी के आसपास करीब 15,000 ऐसे अनदेखे एस्टेरॉयड्स मौजूद हैं, जिनसे निपटने का फिलहाल कोई ठोस उपाय नहीं है। इनमें से प्रत्येक एस्टेरॉयड एक पूरे शहर को तबाह करने की क्षमता रखता है। रिपोर्ट के मुताबिक, केली फास्ट ने कहा कि इन एस्टेरॉयड्स की जानकारी उन्हें रात को सोने नहीं देती। उन्होंने बताया कि सबसे बड़ी चिंता उन मध्यम आकार के एस्टेरॉयड्स को लेकर है, जो आकार में लगभग 500 फीट के होते हैं। ये इतने छोटे हैं कि इन्हें ढूंढ पाना मुश्किल है, लेकिन इतने बड़े भी हैं कि किसी क्षेत्र में भारी तबाही मचा सकते हैं। हालांकि, फास्ट ने स्पष्ट किया कि बहुत बड़े एस्टेरॉयड्स को लेकर वैज्ञानिक अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं क्योंकि उनकी स्थिति का पता है। वहीं,



छोटे पिंड अक्सर पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करते रहते हैं और आमतौर पर गंभीर खतरा नहीं बनते।रिपोर्ट के अनुसार, इन मध्यम आकार के एस्टेरॉयड्स को 'शहर–नाशक कहा जा रहा है, क्योंकि इनके टकराने से क्षेत्रीय स्तर पर भारी विनाश हो सकता है। केली फास्ट के मुताबिक, पृथ्वी के निकट से गुजरने वाले ऐसे लगभग 25,000 एस्टेरॉयड्स हैं, लेकिन वैज्ञानिकों को इनमें से केवल 40त्न की ही सटीक जानकारी है। समस्या यह है कि ये पिंड पृथ्वी की तरह सूर्य की परिक्रमा करते हैं और पर्याप्त प्रकाश परावर्तित नहीं करते, जिससे शक्तिशाली दूरबीनों से भी इनका पता लगाना कठिन हो जाता है। इस चुनौती से निपटने के लिए अगले वर्ष 'नियर–अर्थ ऑब्जेक्ट सर्वेयर अंतरिक्ष दूरबीन लॉन्च करने की योजना बना रहा है। यह विशेष दूरबीन थर्मल सिग्नेचर के आधार पर अंधेरे एस्टेरॉयड्स और धूमकेतुओं का पता लगाने में सक्षम होगी, जो अब तक वैज्ञानिकों की नजर से छिपे रहे हैं। फास्ट ने जोर देकर कहा कि सबसे जरूरी है–एस्टेरॉयड्स के पृथ्वी तक पहुंचने से पहले उन्हें खोज निकालना और भविष्य में उन्हें मोड़ने या नष्ट करने की तकनीक विकसित करना। फिलहाल, 'शहर–नाशक एस्टेरॉयड्स से बचाव के लिए मानवता के पास पर्याप्त सुरक्षा उपाय उपलब्ध नहीं हैं।

## आर्मी की युद्धक तैयारी, एआई के दम पर किल चेन को स्मार्ट बनाने की पहल

नई दिल्ली , इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी। यहां बुधवार को 'स्मार्टाइजिंग द किल चेनझ् विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिए हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि



कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी। यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा–सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिए इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके।

साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर–यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी।

### ओवरटेक की जल्दबाजी ने छीनी तीन जिंदगी, ऑटो से टकराकर तीन युवकों की मौत

उदयपुर ,जिले के कोटड़ा ब्लॉक स्थित मांडवा थाना क्षेत्र में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया। कोदरमाल गाँव के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक बेकाबू होकर ऑटो से जा टकराई। इस भीषण भिड़ंत में तीन युवकों की जान चली गई, जिससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर छा गई है।

हादसे का मंजर : दो की मौके पर मौत, एक ने अस्पताल में तोड़ा दम पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दो युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था। राहगीरों और पुलिस की मदद से तीसरे गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत कोटड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया गया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था; इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गईं।

### रोबोट डॉग विवाद पर राहुल गांधी ने कहा

## एआई समिट एक अव्यवस्थित तमाशा

नई दिल्ली ,लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में एक यूनिवर्सिटी की तरफ से चीनी रोबोट डॉग प्रदर्शित किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे एआई समिट एक अव्यवस्थित पीआर तमाशा बताया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भारत की प्रतिभा और डेटा का लाभ उठाने के बजाय एआई शिखर सम्मेलन एक अव्यवस्थित पीआर तमाशा है। भारतीय डेटा बेचा जा रहा है और चीनी उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इससे पहले, कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एआई को लेकर सरकार ने देश की छवि को पूरी दुनिया में हास्यास्पद बना दिया है। अभी चल रहे एआई समिट में चीनी रोबोट को हमारे अपने रोबोट के तौर पर दिखाया जा रहा है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह सच में भारत के लिए शर्मनाक है।



पार्टी ने आगे लिखा, इससे भी ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि सरकार के मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसी झूठ में शामिल हैं, भारतीय समिट में चीन के रोबोट को प्रमोट कर रहे हैं। सरकार ने देश की छवि को ऐसा नुकसान पहुंचाया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने एआई, एक ऐसा फील्ड, जिसमें हम अपनी डेटा पावर के दम पर दुनिया के लीडर बन सकते थे, को एक मजाक बना दिया है।

## भाजपा नेताओं ने मुस्लिमों पर दिए मोहन भागवत के बयान का किया समर्थन

### बोले–घर वापसी करने वालों का होगा स्वागत

लखनऊ ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के बयान भारत में रहने वाले सभी मुस्लिम भी हिंदू हैं का भाजपा नेताओं ने समर्थन किया है। उनका कहना है कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि हिंदू धर्म भारत का सबसे प्राचीन धर्म है और यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से 'घर वापसीझ् करना चाहता है तो उसका स्वागत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा देश और दुनिया भारत की सांस्कृतिक विरासत को जानती है और भागवत का बयान समाज और राष्ट्रहित में है। नरेंद्र कश्यप ने



समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके नेताओं को एसआईआर फोबिया हो गया है और वे वास्तविक मुद्दों से भटक गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार चुनाव के बाद अखिलेश यादव दिग्भ्रमित हो गए हैं और लगातार अनर्गल बयान दे रहे हैं।

लोनी (गाजियाबाद) से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भी समाजवादी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। पहले भाजपा के वोट कटने की बात कही गई, फिर चुनावी प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए गए। गुर्जर ने कहा कि हार की हताशा में समाजवादी पार्टी कभी चुनाव आयोग तो कभी न्यायपालिका पर सवाल खड़े कर रही है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि आज से प्रदेश में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही हैं और सरकार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

### सहरसा में मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

सहरसा , बिहार के सहरसा जिले के सौर बाजार थाना क्षेत्र में मानवता को झकझोर देने वाली एक घटना प्रकाश में आई है, जहां एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि मंगलवार दोपहर में सौर बाजार थाना क्षेत्र में एक मासूम बच्ची खेत में खेल रही थी, तभी गांव का ही एक युवक ने उसे बहला–फुसलाकर अपनी हवस का शिकार बनाया और बेहोशी की हालत में उसे वहीं छोड़कर भाग गया। एक ग्रामीण द्वारा बच्ची के सुनसान स्थान में पड़े होने की जानकारी उसके परिजनों को दी गई। इसके बाद बच्ची को ग्रामीणों की मदद से परिजन आनन–फानन में स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित कर उसे जिम्मेवारी सौंपी। पुलिस के मुताबिक चिकित्सकीय प्रक्रिया के तहत स्वैब एवं अन्य आवश्यक नमूनों को सुरक्षित रूप से संरक्षित किया गया है।

## बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा– कांग्रेस, सपा और भाजपा की सोच अंबेडकर विरोधी

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन को लेकर चल रही खबरों का खंडन किया है। उन्होंने आरोप लगाए कि लोगों को गुमराह करने की नीयत से झूठी खबरें फैलाई जा रही हैं। मायावती ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और भाजपा की सोच भीमराव अंबेडकर विरोधी होने के कारण उनके साथ गठबंधन से बसपा को भारी नुकसान होता है। मायावती ने बुधवार को एक बयान जारी करके कहा, व्यापक देश व जनहित की कड़वी हकीकत के बारे में देश व दुनिया को जागृत करके लोकतंत्र और संविधान को मजबूती प्रदान करने के बजाय, इन दिनों एआई को सफलता की कुंजी बताने की स्वार्थी चर्चाओं के बीच किसी ना किसी बहाने बसपा के बारे में यह चर्चा है कि उत्तर प्रदेश में पार्टी विधानसभा का होने वाला अगला चुनाव गठबंधन में लड़ेगी, जो विशुद्ध रूप से लोगों को गुमराह करने की नीयत वाली यह झूठी और मनगढ़ंत खबरें हैं। उन्होंने कहा कि अपने बलबूते पर चुनाव लड़ने के बारे में बसपा की ओर से एक बार नहीं, बल्कि कई बार सार्वजनिक तौर पर घोषणा की गई। कुछ लोग घिनौनी साजिश में पड़कर इस प्रकार की उल्टी–पुल्टी व



गलत खबर प्रचारित करने की फर्जी उड़ान भरकर अपना समय और इमेज दोनों बर्बाद करते हैं। बसपा सुप्रीमो ने लिखा, पार्टी के लोगों को यह अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा और भाजपा की सोच संकीर्ण है और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विरोधी होने के कारण इनकी अंबेडकरवादी बसपा से गठबंधन करने की नीति सिर्फ वोटों का राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ है।

## सम्पादकीय

# एआई समिट बना मजाक

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट में कुछ ऐसा हुआ कि पूरे देश में इस आयोजन को लेकर न केवल सवाल खड़े हुए बल्कि एक यूनिवर्सिटी की विश्वसनीयता भी बुरी तरह से खंडित हो गई। दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक एआई समिट का आयोजन किया जा रहा है जिसमें देश–विदेश से आईटी एक्सपर्ट और उत्पादक अपने उत्पाद एवं नई तकनीक को विश्व के सामने रख रहे हैं। नोएडा की एक यूनिवर्सिटी "गलगोटिया" भी यहां पर अपना स्टॉल लगाने आई थी जिसने चीन में निर्मित "रोबो डॉग" को अपना बताकर फजीहत कर ली। यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने इस रोबोट डॉग को अपने यूनिवर्सिटी के छात्र द्वारा ईजाद किया गया प्रोडक्ट बताया तो कुछ ही देर में पूरे सोशल मीडिया पर यूनिवर्सिटी की टूटी होने लगी। असल में यूनिवर्सिटी के अधिकारियों का कहना था कि उन्होंने ढाई हजार करोड़ की लागत से इस रोबोट डॉग को तैयार किया है जबकि हकीकत यह थी कि चीन द्वारा यह रोबोट तैयार किया गया था जो की बाजार में दो से ढाई लाख रुपए में उपलब्ध है। यूनिवर्सिटी के इस कृत्य पर पूरा एआई समिट सवालों के घेरे में खड़ा हो गया तो आयोजकों ने तुरंत फुरत में यूनिवर्सिटी को इंस्टॉल बंद करने के आदेश भी जारी कर दिए। आयोजन में व्यवस्थाओं का भी बोलबाला रहा जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने से पहले यहां स्टॉल लगाने वालों को ही बाहर दिया गया। एक प्रतिभागी ने तो यहां तक सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है कि स्टॉल से उनका बेहद कीमती डिवाइसें भी चोरी हो गई, जबकि उन्हें कहा गया था कि प्रधानमंत्री के आयोजन स्थल पर रहने तक उनका सामान पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। हैरानी की बात यह है कि जिन लोगों को स्टॉल लगाने के लिए आमंत्रित किया गया था उनको ही पीएम की सुरक्षा का हवाला देते हुवे बाहर खदेड़ दिया गया सिर्फ इसलिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यहां आने वाले थे। अब सवाल यह उठता है कि आखिर जब एक्सपी ही स्टॉल्स में मौजूद नहीं होंगे तो पीएम को उत्पादों की उपयोगिता बताएगा कौन?? यूनिवर्सिटी के एक लाजवाब झूठ और आयोजन में स्टॉल लगाने वालों के साथ किए गए इस व्यवहार ने इस विश्व स्तरीय आयोजन को हास्यास्पद बना दिया। सवाल यह उठता है कि आखिर यूनिवर्सिटी को ऐसी क्या जल्दबाजी थी कि उसने एक दूसरे देश के हाइटेक निर्मित रोबोट को अपना बता दिया, यह जानते हुए भी कि पहले से ही रोबोट में उक्त कंपनी का लोगो लगा हुआ था। अब यूनिवर्सिटी के लोग उल्टे सवाल पूछने वालों को ही गलत ठहरने से पीछे नहीं हट रहे है। वहीं यहां एक बात तो स्पष्ट हो गई है की ऐसी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य कतई सुरक्षित नहीं है। दूसरा दुखद पहलू यह है कि यदि प्रधानमंत्री के आने को लेकर आयोजन में हिस्सा लेने वाले लोगों को ही बाहर भगाना था तो इसके लिए उन्हें पहले ही सूचित कर देना चाहिए था ताकि वे लोग अपने सामान और कीमती समय को सुरक्षित रख सके। इस पूरे आयोजन से विश्व भर में भारत की किरकिरी हुई है जिसके लिए आयोजन कर्ताओं एवं असत्य तथ्य रखने वाले प्रतिभागियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की गलतियों को दोहराया ना जा सके।

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा का डिजिटल कवच

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी–बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है। आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017–18 में 23.3त्न से बढ़कर 2023–24 में 41.7त्न हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ–साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय–मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था।**

सावित्री ठाकुर

भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने महिला–नेतृत्वित विकास को राष्ट्रीय प्रगति का केंद्र बिंदु बनाया है। महिलाओं की समावेशी आर्थिक वृद्धि में निर्णायक भूमिका को स्वीकार करते हुए सरकार ने ऐसा सुरक्षित, सम्मानजनक और संवेदनशील कार्य वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे महिलाएं आत्मविश्वास के साथ कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ सकें। इसी दिशा में कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ के रूप में कार्य करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते एक दशक में महिला सशक्तिकरण को केवल एक नारा नहीं, बल्कि नीति, संरचना और प्रभावी क्रियान्वयन का विषय बनाया है। नारी शक्ति को राष्ट्र की उन्नति का आधार मानते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में व्यापक संस्थागत सुधार किए गए हैं। इसी दूरदर्शी दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण और व्यावहारिक उदाहरण है महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में प्रारंभ किया गया शी–बॉक्स पोर्टल, जो कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और न्याय तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने के लिए एक सशक्त डिजिटल मंच के रूप में उभरा है।

आज भारत में महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला श्रम बल भागीदारी दर 2017–18 में 23.3त्न से बढ़कर 2023–24 में 41.7त्न हो गई। सरकारी और निजी क्षेत्रों के साथ–साथ स्टार्टअप्स, सेवा क्षेत्र, शिक्षा, स्वास्थ्य और असंगठित क्षेत्रों में भी महिलाएँ बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। ऐसे में यह अनिवार्य हो जाता है कि कार्यस्थल सुरक्षित, सम्मानजनक और भय–मुक्त हों। कार्यस्थल पर महिलाओं का उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पॉश अधिनियम) इसी उद्देश्य से बनाया गया था। मोदी सरकार ने कानून के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डिजिटल गवर्नेंस के तहत शी–बॉक्स पोर्टल को 29 अगस्त 2024 को तकनीकी सुधारों के साथ पुनः लॉन्च किया, जिससे यह अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल और पारदर्शी बन सके।यह पोर्टल देशभर में गठित आंतरिक समितियों और स्थानीय समितियों से संबंधित सूचनाओं का एक केंद्रीकृत भंडार प्रदान करता है।

शी–बॉक्स पोर्टल का उन्नत संस्करण महिलाओं को सीधे संबंधित आईसी या एलसी के पास शिकायत दर्ज करने की सुविधा देता है। इससे शिकायत प्रक्रिया में होने वाली देरी और अनावश्यक मानवीय हस्तक्षेप में कमी आती है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति को ऑनलाइन ट्रैक भी कर सकती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह मंच सरकारी या निजी, संगठित या असंगठित – हर क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं के लिए समान रूप से सुलभ है। इससे यह स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार की महिला सुरक्षा की नीति किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं, बल्कि समावेशी है।

प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया विज़न के अनुरूप, शी–बॉक्स महिलाओं को सुरक्षित, सरल और गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज करने और उसकी प्रगति ट्रैक करने की सुविधा देता है। पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत सीधे संबंधित कार्यस्थल की आंतरिक समिति या जिले की स्थानीय समिति तक पहुँचती है। गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था की गई है कि आंतरिक समिति की अध्यक्ष के अलावा कोई अन्य व्यक्ति शिकायत का विवरण नहीं देख सकता, जिससे पीड़िता की पहचान सुरक्षित रहती है।पॉश अधिनियम के तहत सरकार का दायित्व है कि वह शिकायतों से संबंधित आंकड़ों का संधारण और निगरानी करे। इस अधिनियम के अंतर्गत किसी भी शिकायत की जाँच के लिए 90 दिनों की समय–सीमा निर्धारित की गई है, जिसका पालन सुनिश्चित करने में शी–बॉक्स पोर्टल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समयबद्ध निपटारे को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रालय द्वारा डैशबोर्ड अलर्ट, ईमेल और मेसेज के माध्यम से नियमित रिमाइंडर भेजे जा रहे हैं। यह सक्रिय प्रणाली मोदी सरकार की उत्तरदायित्व और परिणाम आधारित शासन की सोच को दर्शाती है।शी–बॉक्स की प्रभावशीलता में नोडल अधिकारियों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यस्थल पर नियुक्त नोडल अधिकारी, नियोक्ता, आंतरिक/स्थानीय समिति और शिकायतकर्ता के बीच समन्वय स्थापित करते हैं। यह व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि शिकायतें केवल दर्ज न हों, बल्कि उन पर समय पर और नियमानुसार कार्रवाई भी हो।

महिला–केंद्रित नीतियों के व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो आज देश में 10 करोड़ से अधिक महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं, और लखपति दीदी जैसी पहल के माध्यम से लाखों महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। वहीं नमो ड्रोन दीदी जैसी अभिनव योजनाएँ महिलाओं को आधुनिक तकनीक, कृषि सेवाओं और उद्यमिता से जोड़ते हुए उन्हें नए और औपचारिक कार्यक्षेत्रों में प्रवेश का अवसर दे रही हैं। ऐसे में जब बड़ी संख्या में महिलाएँ पहली बार संगठित और औपचारिक कार्यस्थलों का हिस्सा बन रही हैं, शी–बॉक्स जैसे प्लेटफॉर्म उन्हें यह भरोसा देते हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है – न केवल कानून बनाकर, बल्कि उसे ज़मीन पर प्रभावी और जवाबदेह ढंग से लागू करके।बहुभाषी समर्थन, रीयल–टाइम ट्रैकिंग और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से शी–बॉक्स पोर्टल कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा को केवल एक कानूनी प्रावधान तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे एक व्यवस्थित, भरोसेमंद और जवाबदेह संस्थागत ढांचे में परिवर्तित करता है।शी–बॉक्स वास्तव में एक दूरदर्शी विज़न का सशक्त प्रतिबिंब है, जहाँ नारी शक्ति को भय से मुक्त कर, सम्मान और आत्मविश्वास के साथ कार्यस्थलों में आगे बढ़ने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि महिलाएँ अपनी पूरी क्षमता के साथ विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# क्या शबाना महमूद ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनेंगी?

डॉ. सुधीर सक्सेना

वह सुदर्शना है। सुशिक्षिता है। युवा और अनुभवी हैं। तत्पर और प्रत्युत्पन्नमति हैं। संसद और बाहर वह मुखर है। कलुष के बेदब दौर में उनकी छवि बेदाग और उजली है। इतनी खूबियों से सुसज्ज शबाना महमूद इन दिनों सुर्खियों में हैं। संप्रति वह ब्रिटेन की सेक्रेट्री फार द होम यानि गृहमंत्री है। एप्सटीन फाइल्स के जेरे–बहस दौर में इस आशय की अटकलों का सब्जा दरो–दीवार और मुंडेरों पर उग आया है कि क्या वह ब्रिटेन की प्रधानमंत्री होंगी। फिलहाल उनके और प्रधानमंत्री पद के दरम्यान एक सोपान का फासला है। यदि वह प्रधानमंत्री बनती हैं, तो वह एशियाई मूल की दूसरी और मुस्लिम संप्रदाय की पहली महिला होंगी। गौरतलब है कि भारतीय मूल के ऋषि सूनक इसके पूर्व ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके है, जबकि शबाना पाकिस्तानी मूल की नेत्री है।लोकतंत्र के जनक ब्रिटेन में इन दिनों कुख्यात एप्सटीन फाइल्स को लेकर बावेला मचा हुआ है। कई राजनेता पद त्याग को बाध्य हुये हैं। प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर पर भी खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। यदि दबाव अधिक बढ़ा तो मजबूरन उन्हें इस्तीफा देना पड़ सकता है। इस कयास के मद्देनजर शबाना महमूद के पीएम बनने की संभावना प्रबल है। 45



वर्षीया शबाना सत्तारुढ़ ब्रिटिश लेबर पार्टी की सदस्या और बैरिस्टर हैं। वह पहले पहल सन 2010 में मई के आमचुनाव में बर्मिंघम लेडीवुड से एमपी चुनी गयी थीं। तदंतर वह चुनावों में लगातार विजयी हुई। जीत की हैटट्रिक बना चुकी शबाना ब्रिटिश लेबर पार्टी की अग्रणी नेताओं में शुमार हैं। सन 2024–25 में सेकेट्री फार जस्टिस यानि न्यायमंत्री रहने के बाद गत वर्ष उन्हें गृह जैसा महत्वपूर्ण महकमा सौंपा गया।

17 सितंबर, सन 1980 को बर्मिंघम में जनमी शबाना के परिवार की जड़े पाकअधिकृत काशमीर में मीरपुर में है। माँ जुनेदा और पिता महमूद अहमद की संतान शबाना के दो भाई और एक बहन है। अनमें एक उनका जुड़वा भाई है। सन 1981 से 1986 तक वह परिवार के साथ सऊदी अरब तैफ में रहीं जहां उनके पिता सिविल इंजीनियर थे।

उसके बाद परिवार बर्मिंघम चला आया। पिता जहाँ लेबर गर्टी से जुड़ गये, वहीं मां स्वयं की सुविधा–शॉप का संचालन करने लगीं 11वीं कक्षा में अनुतीर्ण रहने पर वह स्माल हीथ स्कूल और किंग एडवर्ड षष्टम कैंप हिल स्कूल में पढ़ीं। अंततः उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अंतर्गत लिंकन कॉलेज से कानून में उपाधि हासिल की। पूर्व पीएम ऋषि सूनक कॉलेज में उनसे एक दर्जा आगे थे और शबाना जूनियर कॉमन रूम के चुनाव में ऋषि ने उन्हें वोट देने का वायदा किया था।

युवा शबाना बर्मिंघम में पिता के राजनीतिक कार्यों में हाथ तो बंटाती थीं, अलबत्ता उनकी ख्वाहिश थी कि वह बैरिस्टर बने। उनकी यह ख्वाहिश पूरी हुई। सन 2010 में जब निवर्तमान सांसद क्लेयर शार्ट ने बर्मिंघम से चुनाव लड़ने की अनिच्छा व्यक्त की तो शबाना ने दावेदारी की होड़ में याई मॉर्स्क्टो को पीछे छोड़ दिया। इस द्वन्द ने इलाके में जातीय धड़ेवाजी को को बढ़ावा दिया, वह फिलिस्तीन समर्थक और इस्रायली उत्पादों के बहिष्कार की हिमायती नेत्री के तौर पर उभरीं। विवाद होने पर उन्होंने सतर्कतापूर्वक अपने पाँव पीछे खींच लिये, लेकिन इसने उनकी छवि जियोनिज्म (यहूदीवाद) विरोध की बना दी। वह इस्लाम में गहरी आस्था के लिये भी जानी गयीं और उन्होंने इसे कभी छुपाया नहीं। शबाना, रोशनआरा अली और यास्मीन कुरैशी की तिकड़ी ने बीते दशक में खासी शोहरत कमाई। लेबर नेता जेरेमी कार्बिन्स से मतभेदो को उन्होंने कभी छिपाया नहीं और साहसपूर्वक दायित्व संभालने की पेशकशों को ठुकरा दिया। बहरहाल, सितंबर 2023 में कीर स्टार्मर ने उन्हें शैडो सेक्रेट्री बनाया।

# अमेरिका से ट्रेड डील

पीयूष गोयल के मुताबिक ट्रेड डील में रूसी तेल का मुद्दा नहीं है। इसलिए इस पर विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री से तो स्पष्टीकरण की अपेक्षा ही नहीं है।

अमेरिका से ट्रेड डील में रूसी तेल के मुद्दे को शामिल करने से भारत को आर्थिक के साथ–साथ प्रतिष्ठा का इतना बड़ा नुकसान हुआ है कि नरेंद्र मोदी सरकार के मंत्री इसकी जवाबदेही एक दूसरे पर टालने की जुगत में दिखे हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक उन्होंने जो डील की, उसमें यह मुद्दा नहीं है, इसलिए इस बारे में विदेश मंत्रालय से पूछा जाना चाहिए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस बारे में गोयल से पूछने की सलाह दे चुके हैं। प्रधानमंत्री चूंकि असहज करने वाले सवालों पर कभी कुछ नहीं बोलते, इसलिए उनसे कोई स्पष्टीकरण मिलने की संभावना वैसे भी नहीं है।

ये सच है कि ट्रेड डील से संबंधित साझा बयान में इस मसले का जिक्रनहीं है। लेकिन साझा बयान जारी होने के साथ ही ह्वाइट हाउस ने अलग विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत रूसी तेल की खरीदारी रोकने पर राजी हुआ है। यह भी बताया कि भारत कहीं चोरी–छिपे तेल ना खरीद ले, इसकी निगरानी अमेरिका के तीन मंत्री करेंगे। भारत सरकार के किसी मंत्री या अधिकारी ने इस अमेरिकी एलान का खंडन नहीं किया। उलटे मंत्री इसकी जवाबदेही दूसरे पर टालते दिखे हैं। इसलिए इसे ट्रेड डील का हिस्सा मान लिया गया है और बाजार में उसका असर दिखने लगा है। पहली मार गुजरात के वाडीनगर में स्थित नायरा रिफाइनरी पर पड़ती दिखी है।

रूस की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी रोसनेफ्त की इसमें सबसे बड़ी शेयरहोल्डिंग है। इसमें अधिकतर रूस से आए कच्चे तेल का शोधन किया जाता है। लेकिन अब अमेरिका से ट्रेड डील के बाद इस रिफाइनरी का चलना लगभग नामुमकिन हो जाएगा। तो ये चर्चा शुरू हो गई है कि रोसनेफ्त के शेयर खरीद कर कोई भारतीय कंपनी इसकी मालिक बनेगी और फिर वह अन्य स्त्रोतों से आए तेल का शोधन करेगी। अनुमान है कि यह तेल अधिकांशतः अमेरिका से आएगा। मगर यह महंगा सौदा है। अमेरिका से तेल ऊंचे भाव में मिलेगा। परिवहन खर्च पर बड़ी कीमत चुकानी होगी। उधर अमेरिकी दबाव में आने के कारण अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को पहुंची हानि अलग है। इसीलिए इसकी जवाबदेही पर मुंह छिपाने की जरूरत पड़ी है।

# नई रिलीज फिल्मों के आगे भी मजबूती दिखा रही 'मर्दानी 3




रानी मुखर्जी की पावर पैक्ड परफॉर्मेंस वाली 'मर्दानी 3 ने बॉक्स ऑफिस पर दो हफ्तों तक अच्छा परफॉर्म किया. यहां तक कि सनी देओल की बॉर्डर 2 के आगे भी इस फिल्म ने खूब दम दिखाया और अच्छी कमाई कर डाली. हालांकि तीसरे वीकेंड पर नई रिलीज फिल्मों से कंप्टीशन के चलते इसकी कमाई में थोड़ी गिरावट आई है. चलिए यहां जानते हैं मर्दानी 3 ने रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे संडे को कितना कलेक्शन किया है. रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3इ्र को दर्शकों ने खूब प्यार दिया. लेकिन 'ओझोमियोझ् और 'तू या मैं् जैसी फिल्मों की रिलीज़ के बाद बॉक्स ऑफिस पर कॉम्पिटिशन बढ़ने से रानी मुखर्जी के इस प्रोजेक्ट की बिक्री पर असर पड़ा है. लेकिन ये अब भी करोड़ में ही कमाई कर रही है.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मुखर्जी की 'मर्दानी 3इ् ने भारतीय थिएटर्स में अपने तीसरे रविवार को 1.05 करोड़ जमा किए हैं. फिल्म ने पहले हफ़्ते में बॉक्स ऑफ़िस पर 26.3 करोड़ रुपये कमाकर अच्छा परफॉर्म किया था, लेकिन दूसरे हफ़्ते में कलेक्शन में गिरावट आई और फिल्म ने सिफ़ ́14.6 करोड़ रुपये कमाए. तीसरे वीकेंड में अब तक कुल 3.3 करोड़ रुपये की कमाई होने के साथ, फिल्म की कुल कमाई 44.20 करोड़ रुपये हो गई है. 44.20 करोड़ की कमाई के साथ, मर्दानी 3 भारतीय बॉक्स ऑफिस पर रानी मुखर्जी की छठी सबसे ज़्यादा कमाई करने वाली फिल्म है. पांचवें नंबर पर आने के लिए इसे सिफ़ ́30 लाख और चाहिए,

## भारत के संकटमोचक बने शिवम दुबे

नई दिल्ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडयम में भारत और नीदरलैंड्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। टीम इंडिया की प्लेइंग–11 में दो बदलाव किए गए हैं। कुलदीप यादव की जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिला है, जबकि अक्षर पटेल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है। तो वहीं नीदरलैंड्स ने भी 3 मैच खेले हैं और एक मैच में उन्हें जीत मिली है। डच टीम ने नामीबिया को हराया था लेकिन उसके बाद यूएसए से 93 रनों से हार का सामना करना पड़ा।टीम इंडिया इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है और अपने पिछले मैच में पाकिस्तान को 61 रनों से हराया था। सूर्या की कप्तानी में भारत ने अपने पहले मैच में यूएसए को 29 और फिर नामीबिया को 93 रनों से मात दी थी।

# टी20 विश्व कप : भारतीय टीम सुपर–8 में तीन टीमों के खिलाफ खेलेगी, पहला मैच बेहद मुश्किल

नई दिल्ली ,भारतीय क्रिकेट टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए टी20 विश्व कप 2026 के सुपर–8 में जगह बना चुकी है। सुपर–8 में भारतीय टीम किस टीम के खिलाफ कब मुकाबला खेलेगी, इसका शेड्यूल भी सामने आ चुका है। आइए भारतीय टीम के उन टीमों के खिलाफ रिकॉर्ड पर नजर डालते हैं जिनके खिलाफ सुपर–8 में मुकाबले खेले जाने हैं। भारतीय टीम को सुपर–8 स्टेज में तीन मैच खेलने हैं। पहला मुकाबला 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला जाना है। यह मैच नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में शाम 7 बजे से खेला जाएगा। टीम इंडिया के लिए सुपर–8 का यह सबसे कठिन मुकाबला है। दक्षिण अफ्रीका विश्व कप में प्रचंड फॉर्म में है और ग्रुप डी में शीर्ष पर रहते हुए आई है। इसलिए भारत–दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला कांटे की टक्कर का



होना तय है। भारतीय टीम और दक्षिण अफ्रीका के बीच 35 टी20 मुकाबले खेले गए हैं। भारतीय टीम ने 21 मैच जीते हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने 13 मैच जीते हैं। एक मैच का परिणाम नहीं निकला है। कागज पर आंकड़े भारतीय टीम के पक्ष में हैं। टीम इंडिया ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर ही पिछला टी20 विश्व कप जीता था, इसके बावजूद अगला मुकाबला संघर्षपूर्ण हो सकता है।

सुपर–8 में भारत का दूसरा मुकाबला 26 फरवरी को जिम्बाब्वे के खिलाफ एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई में शाम 7 बजे से खेला जाना है।

# आरुषि चावला द 50 से हुई बाहर, महल बना जंग का मैदान



द 50 शो इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है, जिसमें सभी खिलाड़ियों के बीच खतरनाक लड़ाई देखने को मिल रही है। आरुषि चावला को द 50 से एविक्शन ऑर्डर मिला। उनका नाम अनाउंस होने के बाद वह फूट–फूट कर रोने लगीं। महल से बाहर निकलते समय उन्होंने कृष्णा, ऋषि, शीनू, रिधिमा और करण से कहा कि उन्होंने उन्हें गलत समझा है। गेम के दौरान आरुषि के गेम खेलने की जमकर बुराई भी की, जब उन्होंने नेहल चुडासमा को डेंजर जोन में भेज दिया और उन पर शो में दोनों पार्टियों का साथ देने का भी आरोप लगा। उन्होंने अपना बचाव करते हुए कहा, मैं वैसी नहीं हूं, जो कुछ सोचती है कुछ बोलती है। ये एपिसोड आरुषि के कारण चर्चा में बना हुआ है।आरुषि चावला कौन हैं, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में बनी हुई हैं। यह सवाल हर किसी के दिमाग में चल रहा है। आरुषि एक एक्ट्रेस, मॉडल और डांसर हैं। उनका जन्म 1994 में दिल्ली में हुआ था। आरुषि ने माउंट कार्मेल स्कूल से अपनी पढ़ाई पूरी की और बाद में श्री वेंकटेश्वर कॉलेज से हायर स्टडीज की,

## मास महाराजा रवि तेजा इरुमुदी से कावेरी के रूप में प्रिया भवानी शंकर का फर्स्ट लुक रिलीज़

रवि तेजा की 77वीं फिल्म, इरुमुडी, डायरेक्टर शिवा निर्वाण के साथ अपने नए कोलेबोरेशन से काफी एक्साइटमेंट पैदा कर रही है। यह फिल्म मैथरी मूवी मेकर्स के सपोर्ट में है और रवि तेजा के करियर में एक नया माइलस्टोन है। महा शिवरात्रि पर, मेकर्स ने लीड एक्ट्रेस प्रिया भवानी शंकर का कावेरी के रोल में फर्स्ट लुक रिलीज़ किया, जिसमें एक दिल को छू लेने वाली गांव की लव स्टोरी दिखाई गई है।

पोस्टर में रवि तेजा रफ एंड टफ, रस्टिक लुक में हैं, प्यार से प्रिया के गाल पर किस कर रहे हैं, जबकि वह ट्रेडिशनल मैरून साड़ी में खुशी से झूम रही हैं। मिट्टी के रंग और हल्की लाइटिंग एक सिंपल, प्यारी सी लव स्टोरी दिखाती है। प्रिया भवानी शंकर, एक टैलेंटेड एक्ट्रेस, कल्याणम कमनीयम और भीमा में अपने डेब्यू के बाद, इस फिल्म से तेलुगु सिनेमा में अपनी पहचान बना रही हैं।

# पाकिस्तान की जीत के साथ कंफर्म हुई सुपर–8 की सभी टीमें

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ हार के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान ने जबरदस्त वापसी की है। पाकिस्तानी टीम ने नामीबिया के खिलाफ 102 रनों से जीत हासिल की और इसी के साथ उन्होंने सुपर–8 में अपनी जगह बना ली है। पाक के लिए इस मुकाबले में सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान हीरो रहे। फरहान ने शतक लगाया और अपनी टीम को 199 रनों के स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान ने इस मैच में पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए और नामीबिया को 200 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। नामीबिया की टीम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी और उन्हें मुकाबले में 102 रनों से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ




उनका टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सफर समाप्त हो गया है और वे इस इवेंट में एक भी मुकाबला नहीं जीत सके।

**फरहान के दम पर पाकिस्तान ने बनाए 199 रन**

नामीबिया के खिलाफ पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद सलमान अली आगा की अगुवाई वाली टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 199 रन बोर्ड पर ठोक दिए। पाकिस्तानी टीम के लिए साहिबजादा फरहान ने कमाल की बैटिंग की और शतक लगाया। फरहान ने 58 गेंदों पर नाबाद 100 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। फरहान के अलावा मेन इन ग्रीन के लिए कप्तान आगा ने 23 गेंदों पर 38 रन बनाए। उनके अलावा शादाब खान 22 गेंदों पर 36 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह पाकिस्तान ने 199 रन बना लिए और नामीबिया को 200 रनों का लक्ष्य दिया। नामीबिया के लिए जैक ब्रासेल ने 2, जबकि कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने 1 विकेट लिया।

**नामीबिया के बल्लेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन**

200 रनों के बड़े स्कोर का पीछा करने उतरी नामीबिया की टीम की शुरूआत खराब रही और उन्होंने 32 रनों के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद पाकिस्तानी गेंदबाज हावी हो गए और नामीबिया की टीम 17.3 ओवरों में मात्र 97 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ पाकिस्तान ने मुकाबले को 102 रनों से अपने नाम कर लिया। पाकिस्तान के लिए उस्मान तारिक ने 4, जबकि शादाब खान ने 3 विकेट अपने नाम किए।

## एक नजर

### विहिप ने ध्वनि को सीमित रखने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मस्जिदों में लगे लाउडस्पीकर में ध्वनि पर नियंत्रण नहीं होने पर विश्व हिंदू परिषद ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। जबकि, वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं भी चल रही है। तेज आवाज से बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही है।

इस संबंध में उपजिलाधिकारी संदीप सिंह के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री राजेश जदली, नगर अध्यक्ष राधे श्याम शर्मा ने कहा कि नैनीताल स्थित उच्च न्यायालय ने धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की ध्वनि को सीमित रखे जाने के लिए प्रदेश सरकार को निर्देशित किया है, लेकिन प्रशासन की तरफ से मस्जिदों में इसका पालन नहीं करवाया जा रहा है, जिससे आए दिन मस्जिदों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों को तेजी से बजायो जा रहा है, जिससे बूढ़े, बच्चों व बीमार लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि अगर प्रशासन उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करवाने में असमर्थ रहा तो विश्व हिंदू परिषद मस्जिद संचालकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाएगा। इस मौके पर नीरज, उपेंद्र, प्रशांत मौजूद रहे।

### नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य चुने विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों को सामाजिक बुराईयों से दूर रहकर बेहतर राह पर चलने का संदेश दिया।

चंद्रावती लॉ कॉलेज में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डा. सुरेंद्र लाल आर्य व लॉ कालेज की प्राचार्य डा. अनुराधा कौशल्या ने किया। अतिथियों ने स्वयंसेवी छात्रों को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि एनएसएस छात्रों को बेहतर जीवन जीने की राह देता है। स्वयंसेवी छात्र समाज को नई दिशा दे सकते है। कहा कि वर्तमान में समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां पनप रही है। जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने की जरूरत है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी गीता रावत शाह, पार्षद सीता देवी, सुखपाल शाह, डा. अनुराग शर्मा, कृष्ण चंद्र खंतवाल मौजूद रहे।

### कांग्रेस के ब्लॉक व नगर अध्यक्ष के लिए दस ने कराएं नामांकन

चमोली : कांग्रेस की ब्लॉक और नगर कमेटी की बुधवार को बैठक हुई। इसमें पार्टी की गतिविधियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान संगठनात्मक चुनाव पर भी चर्चा की गई। ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम सिंह फरस्वाण ने बताया कि संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया के तहत ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए दिगंबर बिष्ट, महेंद्र चौहान, सुखदेव बिष्ट ने नामांकन किए हैं। वहीं नगर अध्यक्ष के लिए प्रकाश नेगी, लक्ष्मी लाल, महेंद्र नंबूरी, सतीश डिमरी, प्रवेश भुजवाण, करण रावत व हरेंद्र राणा ने नामांकन प्रस्तुत किए हैं। कहा कि सभी नामांकनों की जांच कर उन्हें जिला व प्रदेश कार्यकारिणी को भेज दिए गए हैं। प्रदेश भर में एक साथ परिणाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर समितियों का पुनर्गठन, नियमित बैठकें, समस्याओं के समाधान के लिए जनसंपर्क अभियान चलाने, युवाओं व महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करें। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष देवेश्वरी शाह, ब्लॉक प्रमुख अनूप नेगी, जिला प्रभारी विनोद चंद्र आर्य, सह प्रभारी संदीप झिंक्वाण, मंडल अध्यक्ष कमल रतूड़ी, अंति प्रकाश शाह, सुरेश दीक्षित, अजीतपाल रावत आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय जनजाति समागम की तैयारी पूरी

चमोली : नीती-माणा जनजाति कल्याण समिति की ओर से भोटिया पड़ाव बेडूबगड़ (बिरही) में तीन दिवसीय जनजाति समागम का आयोजन किया जा रहा है। समागम 19 से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। समागम के आयोजन की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं। 20 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। समागम में जनजाति समाज की आरे से अभिनव प्रयास, विभिन्न समस्या व समाधान पर चर्चा की जाएगी। समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरीश परमार और संयोजक धीरेंद्र सिंह गरोड़िया ने बताया कि समागम में सत्यपाल वाही अस्पताल, ओएनजीसी देहरादून की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

# सड़क पर पुलिस की तैनाती, फिर भी नजर नहीं आता अतिक्रमण

### स्टेशन रोड में पुलिस की तैनाती के बाद भी सड़क पर सजा रहता है सामान, लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण आमजन का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहर में अतिक्रमण आमजन के लिए चुनौती बनता जा रहा है। बावजूद नगर निगम व पुलिस अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बनी हुई है। हालत यह है कि स्टेशन रोड में पुलिस कर्मियों की तैनाती के बाद भी सड़क के आधे हिस्से तक अतिक्रमणकारियों का सामान सजा हुआ है। जबकि, प्रतिदिन नगर निगम व पुलिस के अधिकारी भी स्टेशन रोड पर गश्त करते रहते हैं। इसके बाद भी सड़क से अतिक्रमण साफ नहीं होना सिस्टम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी शादी व त्योहार सीजन में होती है।

राष्ट्रीय राजमार्ग हो, अथवा शहर को आपस में जोड़ने वाली अन्य मुख्य सड़कें अतिक्रमण व सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण अव्यवस्थाएं चरम पर हैं। सबसे बुरी स्थिति देवी रोड व स्टेशन रोड की बनी हुई है। स्टेशन रोड में पुलिस चौकी से करीब दो सौ मीटर आगे कई व्यापारियों ने सामान सड़क तक सजाया हुआ है। ऐसे में स्टेशन आने वाले यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आधी सड़क पर सजी दुकान के कारण यात्रियों का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। घंटों जाम की स्थिति बनने के बाद भी यह अतिक्रमणकारी अपना सामान तक नहीं हटाते। जबकि, समीप ही पुलिस कर्मियों की भी तैनाती रहती है। जाम के कारण कई बार पुलिस कर्मी निजी कार चालकों को स्टेशन रोड पर नहीं आने देते हैं। यदि कोई चालक व्यापारियों से सामान हटवाने के लिए कहता है तो वह उससे लड़ने तक को तैयार हो जाते हैं। बावजूद पुलिस कर्मी तमाशबीन बने रहते हैं। क्षेत्रवासी मोहन सिंह ने बताया कि कुछ



स्टेशन रोड में अतिक्रमण के कारण लगा जाम

दिन पूर्व स्टेशन रोड में अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनी हुई है। व्यवस्था सुधारने के लिए उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस कर्मी से शिकायत की। लेकिन, उल्टा पुलिस कर्मी उन्हें ही नियमों का पाठ पढ़ाने लगते हैं।

#### हवा हो गए अधिकारियों के निर्देश

पूर्व में पुलिस क्षेत्राधिकारी निहारिका सेमवाल ने कोतवाली पुलिस व बाजार चौकी पुलिस को व्यवस्था में सुधार करने के सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद पुलिस ने एक दिन के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। लेकिन, इसके बाद पुलिस ने दोबारा कोई सुध नहीं ली। नतीजा, शहर में अधिकारियों के निर्देशों का भी पालन नहीं होने से जनता को मुश्किलें झेलनी पड़ रही है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कण्वघाटी स्थित राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू हो गया है। सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवी छात्र स्वच्छता, नशे को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रकार की सामाजिक गतिविधियों को संचालित करेंगें।

चंद्रावती लॉ कालेज के प्रांगण में आयोजित शिविर का शुभारंभ डा.सुरेंद्र लाल आर्य व लॉ कालेज की प्राचार्या डा.अनुराधा कौशल्या ने किया। अतिथियों ने स्वयंसेवी छात्रों को अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया। कहा कि स्वयंसेवी छात्र समाज को नई दिशा दे सकते है, कहा कि वर्तमान में समाज में विभिन्न प्रकार की कुरीतियां पनप रही है। जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किए जाने की जरूरत है। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी गीता रावत शाह, पार्षद सीता देवी, सुखपाल शाह, डा. अनुराग शर्मा, कृष्ण चंद्र खंतवाल मौजूद रहे।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत नारायण पब्लिक में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव के दौरान स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें शिव तांडव नृत्य आकर्षकण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर शैलेंद्र सिंह रावत व विद्यालय की प्रबंधक उषा रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों ने स्वागत गीत व वंदना की प्रस्तुति दी। महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने बच्चों को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कहा कि जीवन में मेहनत करने वाले विद्यार्थी ही सफलता प्राप्त करते है। कहा कि बच्चे की देश का भविष्य है, बच्चों को परिश्रम से आगे बढ़ना होगा, ताकि उनका भविष्य उज्ववल हो सके। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र–छात्राओं ने गढ़वाली, कुमाउंनी, पंजाबी व राजस्थानी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। विद्यालय के छात्र दिव्यांश पाल ने शिव तांडव नृत्य कर खूब तालियां बटोरी। प्रधानाचार्य दीपिका नेगी ने विद्यालय की वर्षभर की गतिविधियों की रिपोर्ट साझा की। विद्यालय की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर अजय पाल सिंह रावत, कांति नेगी, पार्षद ज्योति सिंह, किरन काला, ज्योति रावज, निर्मला रावत, रूचि, सीमा ढौंडियाल मौजूद रहे।

# कोटद्वार पहुंचे सीडीएस अनिल चौहान, सास को दी अंतिम विदाई



सास के निधन के बाद कोटद्वार पहुंचे सीडीएस अनिल चौहान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : चीफ आफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कोटद्वार पहुंचकर अपनी सास को अंतिम विदाई दी। दरअसल, सीडीएस अनिल चौहान की सास यशोदा देवी की दिल्ली आरआर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जिसके बाद बुधवार सुबह यशोदा देवी का शव कोटद्वार स्थित उनके आवास पर लाया गया।

सीडीएस अनिल चौहान का ससुराल कोटद्वार स्थित बेलाडाटा चौराह लालपुर में है। कुछ दिन पूर्व उनकी सास यशोदा देवी (85 वर्ष) की तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्हें दिल्ली स्थित आरआर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां मंगलवार रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मृत्यु के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए बुधवार सुबह कोटद्वार लाया गया। सास के अंतिम दर्शन के लिए सीडीएस व उनकी पत्नी भी दिल्ली से कोटद्वार पहुंचे। सीडीएस ने अपने ससुराल में रिश्तेदारों से भी मुलाकात की। इसके बाद वह अंतिम यात्रा में मुक्तिधाम में स्थित शमशान घाट पहुंचे। यहां अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सीडीएस आर्मी कैंप पहुंचे। इसके बाद वह दिल्ली वापस लौट गए थे।

# मॉकड्रिल कर व्यवस्थाओं की ली परीक्षा

### जंगलों में आग पर काबू पाने के लिए किया मॉकड्रिल

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : गर्मी के मौसम में वनाग्नि एक बड़ी चुनौती बनती है। ऐसे में जंगलों में लगने वाली आग पर समय पर काबू पाया जा सकें इसके लिए सरकारी तंत्री ने तैयारी शुरु कर दी है। वन विभाग, अग्निशमन विभाग, एसडीआरएफ सहित अन्य विभागों की ओर से मॉकड्रिल कर व्यवस्थाओं की जानकारी जुटाई गई।

बुधवार को सनेह क्षेत्र के जंगलों में मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के तहत स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी कि सनेह क्षेत्र के जंगलों में भीषण आग लगी हुई है। तेज हवा के साथ आग आबादी की ओर बढ़ रही है। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।




कोटद्वार में सनेह क्षेत्र के जंगल में माकड्रिल करते विभागीय कर्मी

लेकिन, स्थिति काफी विकराल होती जा रही थी। जिसके बाद दमकल विभाग व एसडीआरएफ को भी मदद के लिए बुलाया गया। दमकल विभाग के बड़े पानी के टैंकर की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के दौरान दो वन कर्मी भी घायल हो गए थे, जिन्हें मौके पर तैनात आपातकालीन सेवा 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने वन कर्मियों को प्राथमिक उपचार दिया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती है। इसके लिए विभागों की ओर से संयुक्त माकड्रिल कर तैयारियों की जानकारी ली गई। अभियान के दौरान आमजन को भी वन सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कहा कि कहीं भी आग लगने की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें।

# संस्कृत वर्णमाला की संरचना में निहित है वैज्ञानिक दृष्टि : डीएस नेगी



जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में ह्लपाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परम्परा का एकीकरणह्व विषय पर आयोजित छह दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तीसरे दिन गणित, ज्योतिष और रसायनशास्त्र जैसे विषयों पर गहन विमर्श किया गया। मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. डी.एस. नेगी ने अतिथि वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा की समकालीन प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रसिद्ध रसायनशास्त्री मेण्डलीफ द्वारा आवर्त सारणी के वर्गीकरण में आई चुनौतियों के समाधान के संदर्भ में संस्कृत वर्णमाला की वैज्ञानिक संरचना से प्रेरणा लेने की चर्चा विद्वानों द्वारा की जाती रही है, जो भारतीय भाषिक परम्परा की वैज्ञानिकता को रेखांकित करती है। सत्रों को हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय के डॉ. जितेंद्र कुमार, ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के डॉ. अंकुश शर्मा ने संबोधित करते हुए विषय के विभिन्न आयामों पर विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर यूजीसी पर्यवेक्षक प्रो. आर.एल. नारायण सिम्हा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अमरजीत परिहार, डॉ. पुनीत वालिया सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### छात्र-छात्राओं को बांटी फुटबाल

चमोली : पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय पीपलकोटी में फुटबाल फॉर स्कूल योजना के तहत फुटबाल वितरण किक ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया गया। बंड विकास संगठन के संरक्षक अतुल शाह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्राचार्य केएस दिगारी ने बताया कि फुटबाल फॉर स्कूल के तहत छात्रों को खेलों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की पहल की जा रही है। संरक्षक अतुल शाह ने छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर खेल शिक्षक दिनेश थापा, अनीता रजावत, छाया त्रिपाठी, अटल उत्कृष्ट राइंका गडोरा के प्रधानाचार्य बीएस चौहान, पृथ्वी सिंह, संजय राणा, सुनीता कठैत, प्रदीप सजवाण, जयेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# पौड़ी में ब्लास्ट की धमकी भरे ई-मेल से हड़कंप, पुलिस अलर्ट

### जिला एवं सत्र न्यायालय व कलेक्ट्रेट परिसर में पुलिस बल तैनात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी का सिलसिला थम नहीं रहा है। जिला एवं सत्र न्यायालय व कलेक्ट्रेट परिसर को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जनपद में एक संदिग्ध ई-मेल मिलने के बाद एहतियात के तौर पर पौड़ी पुलिस व प्रशासन द्वारा तत्काल उच्च सतर्कता बरती गई। पुलिस ने न्यायालय परिसर में चेकिंग बढ़ा दी है। संदिग्ध वस्तु मिलने या संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर इसकी सूचना पुलिस को देने को कहा गया है।

सूचना प्राप्त होते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जिला एवं सत्र न्यायालय, पौड़ी तथा जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय, पौड़ी आदि शासकीय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुदृढ़ कर दिया गया। पौड़ी पुलिस द्वारा बम निरोधक दस्ता एवं डॉग स्क्वॉड की टीमों को मौके पर बुलाकर उनके साथ मिलकर जिला न्यायालय एवं कलेक्ट्रेट परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान न्यायालय कक्षों, कार्यालय कक्षों एवं अभिलेखागार की गहन जांच, पार्किंग स्थलों एवं खड़े वाहनों की सूक्ष्म तलाशी, भवनों के आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया। प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु प्राप्त नहीं हुई है फिर भी पौड़ी पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं सतर्कता के दृष्टिगत कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं।



# राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी हुए सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : प्रांतीय व राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिए कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ना चाहिए। कहा कि खिलाड़ी देश और समाज की असली शान होते हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर खिलाड़ी न केवल खेल के मैदान में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की मिसाल बनते हैं।

उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को समय-समय पर सम्मान और प्रोत्साहन मिलना अत्यन्त आवश्यक है, ताकि आने वाली पीढ़ी खेलों की ओर आकर्षित हो



कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को सम्मानित करते पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी

व देश का नाम रोशन कर सके। इस मौके पर राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने पर निशा, राष्ट्रीय स्तर की लंबी कूद में प्रतिभाग करने वाली सोनिया रावत, फुटबाल में लक्की, एथलीट में आशिफ व अक्षित, क्रिकेट में प्रथम कुमार, हाकी में हिमांशी को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रवीन रावत, डा. चंद्रमोहन खर्कवाल, सुधा असवाल, विनीता भारती, गोपा सिंह गुसाई, विजय माहेश्वरी, सुनील सेमवाल, राजीव कपूर, देवेंद्र सिंह नेगी, हेमचंद्र पंवार, कृपाल सिंह, धर्मेंद रावत, अमित राज, जानकी बुडाकोटी, कमल बिष्ट मौजूद रहे।



# 72 छात्रों को वितरित की जैकेट

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : धरा फाउंडेशन सामजिक संस्था मुरादाबाद के सहयोग से कल्जीखाल ब्लॉक के संकुल पांचाली के अंतर्गत 12 विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को जैकेट वितरित किये गये। पांचाली संकुल स्तरीय विद्यालयों के कक्षा एक से आठ तक के 72 छात्र–छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) अंशुल बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी कल्जीखाल ब्लॉक संजय कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी, संकुल समन्वयक पांचाली प्रेम प्रकाश कुकरेती, प्रधानाचार्य मनोज कुमार गुनियाल द्वारा जैकेट वितरित किए गए। इस अवसर पर अनिल कुमार भट्ट, सीआरपी आयुष बडोनी, श्रीमती मंजू शाह, सहित अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बालम सिंह राणा ने किया।

# डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने दिया एक दिवसीय धरना

रुद्रप्रयाग : अपनी लंबित 27 सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल लिया है। डिप्लोमा इंजीनियर्स ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट भवन में एक दिवसीय धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं अपनी 27 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया और मांगो के न मानने पर विशाल आंदोलन की चेतावनी दी। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शासन स्तर पर लंबे समय से पत्राचार और अनुरोध के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है जिससे इंजीनियरों में असंतोष और आक्रोश है। बताया कि 2 फरवरी से चरणबद्ध तरीके आंदोलन चल रहा है और 23 फरवरी को देहरादून में होने वाली विशाल रैली और सचिवालय घेराव कर सरकार को चेताया जाएगा। वहीं द्वितीय चरण के आंदोलन की भी घोषणा की जाएगी। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के अध्यक्ष रेवत सिंह रावत ने बताया सालों से लंबित 27 सूत्रीय मांगों के लिए बुधवार को एक दिवसीय धरना दिया गया। कहा कि प्रमुख मांगे इंजीनियरों के ग्रेड पे को 6600 और 26 वर्षों बाद 8700 रुपये ग्रेड पे पर प्रोन्नत वेतनमान सुनिश्चित करना, 10 वर्ष की सेवा पर प्रथम एमएसीपी में ग्रेड पे 5400 (लेवल-10) की बहाली, नई पेंशन योजना (एनपीएस) और एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करना, पदोन्नति में समानांतर गैलरी सृजन, प्रोन्नति प्रतिशत बढ़ाने, सहायक अभियंताओं के वित्तीय अधिकारों में वृद्धि, ऊर्जा निगमों में प्रोन्नति सीमा बढ़ाने, फील्ड स्टाफ की नियुक्ति, तकनीकी पदों के पुनर्गठन और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए प्रयोगशालाओं की व्यवस्था आदि हैं।

# संदिग्धों पर सर्तक निगरानी रखी जाए

रुद्रप्रयाग : ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत जनपद में चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने अब तक 227 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन कर दिया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने सभी थाना प्रभारियों के साथ वीसी के माध्यम से समीक्षा कर निर्देश दिए कि सत्यापन अभियान केवल औपचारिकता न हो। प्रत्येक सत्यापित व्यक्ति का पूरा विवरण संकलित कर राज्य व राष्ट्रीय पोर्टलों पर आपराधिक इतिहास की जांच की जाए और संदिग्धों पर सतर्क निगरानी रखी जाए।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

निविदा संख्या 02/2026 दिनांक : 17.02.2026

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी (रु.) | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 01/वरिष्ठ मं.वि.अभि./का./मुरा/2026- मुरादाबाद डिवीजन के संभागीय स्टेडियम में स्विमिंग पूल हीटिंग व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 3738830.00 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 74800.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 12.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |
| 2 | 02/वरिष्ठ मं.वि.अभि./का./मुरा/2026- MB में विभिन्न स्थानों पर स्थापित विभिन्न क्षमताओं वाले कन्वेंशनल फ्रिज एसी संयंत्रों हेतु 3 वर्षों के व्यापक रखरखाव के अनुबंध का कार्य। | 2999565.72 (जीएसटी सहित) | | 60000.00 | 36 (छत्तीस) माह | | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 548/26

## संक्षिप्त समाचार

### तीन साल से मुआवजे के लिए भटक रहा परिवार

चमोली : तीन साल पहले बरसात में पीएम आवास योजना से निर्माणाधीन भवन ध्वस्त हो गया था। इसके बाद से पीड़ित परिवार मुआवजे के लिए भटक रहा है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है। गोपेश्वर के पाडुली गांव निवासी सुरेश लाल ने बताया कि उनका प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर स्वीकृत हुआ था। उन्हें प्रथम किश्त के तौर पर एक लाख 80 हजार रुपये मिले जिससे उन्होंने भवन निर्माण करवाया, लेकिन 2022 में निर्माणाधीन भवन आपदा में ध्वस्त हो गया। उन्होंने कर्ज लेकर फिर निर्माण शुरू किया, लेकिन 2024 की बरसात में बोल्डर आने से मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गया। वे शुरू से मुआवजा दिलाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। परिवार वर्तमान समय में ब्रह्मसैंण में किराये पर निवास कर रहा है। सुरेश लाल ने बताया कि वह मजदूरी करता है, जिसमें मकान का किराया चुकाना और परिवार को पालना संभव नहीं हो पा रहा है। कई महीनों का किराया बकाया चल रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उन्हें अन्यत्र विस्थापित कराया जाए, जिससे परिवार को स्थाई छत मिल सके। उनका कहना है कि प्रशासन ने शुरू में मुआवजे का आश्वासन दिया, लेकिन तीन साल बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जहां भवन निर्माणाधीन था वहां अब जमीन भी धंस रही है, ऐसे में वहां रहना संभव नहीं है। (एजेंसी)

### सरस्वती शिशु मंदिर गैरसैंण में हुआ शिशु मेला कार्यक्रम

चमोली : बुधवार को विद्या भारती संचालित सरस्वती शिशु मंदिर प्रबंधन ने शिशुओं के सर्वांगीण विकास शिशु नगरी एवं शिशु मेला आयोजित किया गया। बुधवार को प्रदेश सरकार में दायित्वधारी रामचंद्र गौड़ ने शिशु मेले का दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य ललित मोहन पोखरियाल ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमने 12 शिशु वाटिका का निर्माण किया है। जिसमें कलाशाला, चिड़ियाघर, कार्यशाला, वस्तु संग्रहालय, आदर्श घर, प्रदर्शनी, विज्ञान प्रयोगशाला, रंग मंच, उद्यान, क्रीड़ा आंगन, चित्र पुस्तकालय और तरणताल वाटिका बनाई गई है। चमोली के संभाग निरीक्षक मुरलीधर चंदोला ने अपने संबोधन में कहा कि नई शिक्षा प्रणाली के तहत शिशु मेले में 12 शिशु वाटिका बनाई गई है ताकि छोटे से छोटे बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचान सके। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख दुर्गा देवी, नपं अध्यक्ष मोहन भंडारी, आरएसएस के जिला संघ चालक दिगंबर प्रसाद गैड़ी, सत्य प्रकाश रतूड़ी, जिला संयोजक पतंजलि वीरेंद्र सिंह नेगी, गंगा सिंह पंवार, सभासद गोविंद सिंह और उर्मिला ढौंडियाल, जमन सिंह बिष्ट सहित स्कूली छात्र-छात्राएं और विद्यालय के कई अभिभावक मौजूद रहे। (एजेंसी)

### सम्मेलन में हिंदू धर्म, संस्कृति और परंपरा संरक्षण पर दिया जोर

नई टिहरी(आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष उपलक्ष्य में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने हिंदू धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया। घनसाली में आयोजित हिंदू सम्मेलन में गंगा सभा हरिद्वार के सचिव उज्ज्वल पंडित ने कहा कि हिंदू समाज के सभी वर्गों के लोगों संगठित होकर धार्मिक परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक समरसता को मजबूत करना होगा। हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने के लिए विशेषकर युवाओं को आगे आने की जरूरत है। विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री अजय ने कहा कि आरएसएस के लोगों ने हिंदू समाज को संगठित करने और उनके हितों की रक्षा के लिए अपना जीवन लगा दिया है। सम्मेलन में लोक गायक साहब सिंह रमोला ने गढ़वाली गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी।

### स्कूल के पास से एक्टिवा चोरी

देहरादून। रायपुर थाना क्षेत्र के मयूर विहार इलाके से एक युवक की स्कूटी चोरी कर ली। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। राजीव नगर कंडोली निवासी गौतम पुत्र विशंभर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जनवरी की रात उनकी काले रंग की एक्टिवा गुरु राम राय स्कूल के पास खड़ी थी।

रात करीब 9 से 10 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने उसे चोरी कर दिया। वाहन गायब देख पीड़ित ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। अब पीड़ित ने पुलिस से जल्द स्कूटी बरामद करने और चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

# सरकार का खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस : धामी

### सीएम ने विजेता देहरादून जिले को ट्रॉफी और पांच लाख का दिया चेक



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को ननूरखेड़ा, देहरादून में मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी 2025-26 के समापन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून जनपद को विजेता ट्रॉफी एवं 05 लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भव्य समापन केवल एक प्रतियोगिता का अंत नहीं है, बल्कि उत्तराखंड के उज्ज्वल खेल भविष्य की नई शुरुआत है। खेल आयोजन आज हमारे गांव-गांव, न्याय पंचायतों और दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को पहचान देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उत्तराखंड में खेल प्रतियोगिताएं अब जनचेतना का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड अब देवभूमि के साथ-साथ खेलभूमि भी बन चुका है। इस आयोजन में 11 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खिलाड़ियों के खातों में भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है। उत्तराखंड को देवभूमि के साथ खेलभूमि के रूप में स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर आगे बढ़ी है। 38वें राष्ट्रीय खेलों का सफल और भव्य आयोजन इसका सशक्त प्रमाण बना है, जिसने उत्तराखंड का मान पूरे देश में बढ़ाया है। इन खेलों में हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर 7वो स्थान हासिल किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड आधुनिक और विश्वस्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के कारण देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है। हमारे स्टेडियम, प्रशिक्षण केंद्र और सुविधाएं अब राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी के लिए भी सक्षम हो चुकी हैं। सरकार द्वारा राज्य में स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान पर कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी। इस मौके पर खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड ने सौर ऊर्जा स्थापना में 1 गीगावाट का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया

देहरादून। उत्तराखंड ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राज्य में स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता को 1 गीगावाट (1000 मेगावाट) से अधिक के स्तर पर पहुँचा दिया है। नवीनतम आँकड़ों के अनुसार राज्य में कुल स्थापित सौर क्षमता लगभग 1027.87 मेगावाट से अधिक हो चुकी है, जो स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सौर ऊर्जा क्षमता के 1 गीगावाट का आंकड़ा पार करने पर कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रति उनकी स्पष्ट नीति का परिणाम हैमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने ह्लआत्मनिर्भर भारतह्व और हरित ऊर्जा के जिस विजन को देश के सामने रखा, उसी से प्रेरित होकर उत्तराखंड में सौर ऊर्जा को जनआंदोलन का रूप दिया गया है। केंद्र सरकार की योजनाओं और राज्य सरकार की सक्रिय पहल के समन्वय से आज हजारों युवाओं और स्थानीय उद्यमियों को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए हैं।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान और मजबूत करेगो यह उपलब्धि विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से संभव हुई है,

# चानी बासर में अप्रैल में शुरू होगी जिला पंचायत की पहली गोशाला

नई टिहरी। जिला पंचायत टिहरी की पहली गोशाला आगामी अप्रैल माह में विधिवत अस्तित्व में आ जाएगी। भिलंगना ब्लॉक के चानी बासर में 26.45 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गोशाला का कार्य अंतिम चरण में है। निर्माण पूरा होते ही गोशाला का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जिसमे 100 पशुओं को रखने की क्षमता उपलब्ध है। जिला पंचायत की ओर से गोशाला संचालन के लिए हरि कृष्णा समिति से अनुबंध किया जा चुका है। गोशाला में लगभग 100 गोवंश को एक साथ रखने की क्षमता है। गोशाला की सुविधा उन गोवंश के लिए तैयार की जा रही है, जो सड़कों और बाजार क्षेत्रों में घूमते हुए दुर्घटना में घायल हो जाते। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भागवत पाटनी ने बताया कि चानी बासर में बनने जा रही जिला पंचायत की यह पहली गोशाला है। इसे निर्धारित मानकों के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। पशुपालन विभाग की ओर से प्रत्येक गोवंश की देखभाल और चारे के लिए हरि कृष्णा समिति को प्रतिदिन लगभग 80 रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। गोशाला में रखे जाने वाले पशुओं का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी समिति की जिम्मेदारी होगी। पशुओं के टीकाकरण और उपचार के लिए पशुपालन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। भविष्य में गोशाला परिसर में एकत्रित गोबर से कंपोस्ट खाद बनाने की योजना है। तैयार खाद की बिक्री से समिति को अतिरिक्त आय होगी। साथ ही वर्मी कंपोस्ट इकाई, चारा भंडारण कक्ष और जल संरक्षण व्यवस्था विकसित करने पर भी विचार किया जा रहा है।

# मिशन आरंभ से आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व प्राथमिक शिक्षा सशक्त बनाने पर जोर

नई टिहरी। बाल विकास विभाग की बैठक में रॉकेट लर्निंग फाउंडेशन की ओर से संचालित मिशन आरंभ कार्यक्रम के तहत जिले में कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम नितिका खंडेलवाल ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के भविष्य की नींव होती है। उन्होंने कहा कि जो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उत्कृष्ट कार्य करेंगी उन्हें प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाएगा। जिले में चलाए जा रहे मिशन आरंभ कार्यक्रम की वरिष्ठ प्रबंधक लता कुमारी और जिला समन्वयक उमेश बहुगुणा ने मिशन आरंभ की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के तीन से छह साल आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा के महत्व से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। बच्चों की प्रारंभिक बाल्यावस्था की मजबूत आधारशिला के लिए खेल आधारित गतिविधियों को तकनीकी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को रोचक और सहभागितापूर्ण गतिविधियों के जरिए सीखने का अवसर मिल रहा है, जिससे उनकी भाषा, गणितीय क्षमता, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास को प्रोत्साहन मिल रहा है। इसके अलावा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ऑफलाइन प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें एक कुशल एवं दक्ष शिक्षक के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एनएसएस के छात्रों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

देहरादून। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज मालदेवता में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के छात्रों ने स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में रैली और कला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। छात्रों ने स्थानीय लोगों से मिलकर कचरा प्रबंधन और प्लास्टिक का उपयोग कम करने पर चर्चा भी की। बुधवार को स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक करना और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता रैली से की गई। इसके बाद स्वच्छता पोस्टर प्रतियोगिता, सफाई अभियान और जागरूकता संवाद किया गया।हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर छात्र–छात्राओं ने पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया और स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत के नारे लगाए।स्वयंसेवियों ने विद्यालय और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान कर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार सैनी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक संस्कार है। छात्रों का उत्साह यह दर्शाता है कि युवा पीढ़ी सामाजिक बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार है।

# अफसर फॉरेस्ट फायर सीजन के दौरान सतर्क रहें

### वन अग्नि सुरक्षा को लेकर किया मॉक अभ्यास

जयन्त प्रतिनिधि।



रूद्रप्रयाग : फॉरेस्ट फायर सीजन के दृष्टिगत जनपद रुद्रप्रयाग में बुधवार को जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के दिशा-निर्देशों पर वन अग्नि सुरक्षा एवं प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित नियंत्रण सुनिश्चित करने हेतु मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फॉरेस्ट फायर सीजन के दौरान निरंतर सतर्कता बनाए रखें, संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा जनजागरूकता अभियान चलाकर ग्रामीणों को वनाग्नि से बचाव एवं रोकथाम के उपायों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय, त्वरित सूचना आदान-प्रदान एवं प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम ही किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि एवं वन संपदा की क्षति को न्यूनतम करने में सहायक सिद्ध होती है।

मॉक अभ्यास के अंतर्गत बुधवार को समय अपराह्न 12:52 बजे वन क्षेत्राधिकारी रुद्रप्रयाग द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई कि रुद्रप्रयाग के धनपुर 11 क्षेत्र में वनाग्नि की घटना घटित हुई है। वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंच चुकी है, किन्तु आग अधिक फैलने के कारण अतिरिक्त रेस्क्यू टीमों की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही जिला आपातकालीन परिचालन केन्द्र, रुद्रप्रयाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, अग्निशमन विभाग तथा 108 एम्बुलेंस सेवा को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। सभी टीमों ने निर्धारित समय में मौके पर पहुंचकर समन्वित रूप से राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया। मॉक अभ्यास के दौरान परिदृश्य के अनुसार एक अग्निशमन कर्मी के घायल होने की स्थिति दर्शाई गई। रेस्क्यू टीम द्वारा घायल कर्मी को सुरक्षित तरीके से स्ट्रेचर के माध्यम से मुख्य सड़क तक पहुंचाया गया तथा 108 एम्बुलेंस के जरिए उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजा गया। इस अभ्यास के माध्यम से आपात स्थिति में मेडिकल रिस्पॉन्स की तत्परता का भी परीक्षण किया गया। डीडीआरएफ टीम द्वारा अपराह्न 01:12 बजे आग पर पूर्णतः काबू पा लेने की सूचना दी गई। इस प्रकार लगभग 20 मिनट के भीतर संयुक्त प्रयासों से स्थिति को नियंत्रित करने का सफल प्रदर्शन किया गया।

# 21 फरवरी से शुरू होगी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

जयन्त प्रतिनिधि।



चमोली : बुधवार को पीएम श्री अटल उत्कृष्ट श्री गीता स्वामी जीआईसी गोपेश्वर के सभागार में जनपद में 21 फरवरी 2026 से 20 मार्च 2026 तक संचालित उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परक्षाओं को सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देशों के क्रम में 356 केन्द्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को संपूर्ण परीक्षा अवधि के दौरान विवेकपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सफलता पूर्वक मनोयोग से परीक्षाओं को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराना है जिसमें आपसी समन्वय जरुरी है। किसी प्रकार की समस्या होने पर उच्च अधिकारियों को अवश्य तत्काल अवगत कराये, ताकि समय रहते हुए समस्याओ का समाधान किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्राप्त पेपर पत्र के जो भी बंडल प्राप्त होते हैं उन्हें खोलने में विशेष सावधानी रखे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्र की सीमाओं में कानून व्यवस्था बनाए रखने, अनुचित गतिविधियों पर नियंत्रण तथा परीक्षा संचालन को निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक पुलिस व्यवस्था की बात कही। परीक्षा केन्द्रों के 100 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य शिक्षा अधिकारी आकाश सारस्वत, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक श्रीकांत पुरोहित, पीएम श्री अटल उत्कृष्ट श्री गीता स्वामी जीआईसी गोपेश्वर के प्रधानाचार्य कर्मवीर सिंह के अलावा केंद्र व्यवस्थापक एवं खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**9224 परीक्षार्थी देगें बोर्ड परीक्षा**

हाईस्कूल संस्थागत बालकों की संख्या 2432 व बालिकाएं 2320, हाईस्कूल व्यक्तिगत बालकों की संख्या 45 एवं बालिकाएं 17, इस प्रकार हाईस्कूल में कुल बालकों की संख्या 2477 वहीं बालिकाएं 2337 को मिलाकर कुल हाईस्कूल में 4814 परीक्षार्थी है।

इण्टरमीडिएट संस्थागत बालकों की संख्या 2080 व बालिकाएं 2201, व्यक्तिगत बालकों की संख्या 86 एवं बालिकाएं 43 इस प्रकार इण्टर में कुल बालकों की संख्या 2166 वहीं बालिकाएं 2244 को मिलाकर कुल 4410 परीक्षार्थी है। वहीं कुल परीक्षार्थियों की संख्या 9224 है जिसमें 4643 बालक एवं 4581 बालिकाएं हैं।

# पीपलडाली—म्यूंडा आठ किमी मोटर मार्ग को मिली मंजूरी

नई टिहरी। पीपलडाली–म्यूंडा–ललवाली मोटर मार्ग बनने की उम्मीद जग गई है। वर्षों इंतजार के बाद सड़क के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर वर्षों से अधर में लटकी आठ किमी सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सकेगा। दो दशक से इस सड़क का इंतजार कर रहे लोगों में खुशी की लहर है, उन्होंने लोनिवि से इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की मांग की है। प्रतापनगर विधानसभा क्षेत्र में पीपलडाली पुल से म्यूंडा क्षेत्र को सड़क से जोड़ने के लिए लंबे समय से मांग उठती रही है। करीब 20 साल पहले सड़क पर कुछ ही काम हो पाया था।

उसके बाद से लोग लगातार सड़क को बनाने की मांग करते आ रहे थे। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि शासन स्तर पर लगातार प्रयास करने के फलस्वरूप शासन ने बीस साल से अधर में लटकी आठ किमी पीपलडाली–म्यूंडा सड़क की स्वीकृति प्रदान कर दी है। पीपलडाली से म्यूंडा ललवाली सड़क बनने से क्षेत्र के कई गांव के लोगों को रोड का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से दैनिक उपयोग की सामग्री खाद्यान्न और अन्य सामग्री जो अभी तक पीठ पर ढ़ोकर जे जानी पड़ती थी, ग्रामीणों को उससे राहत मिलेगी। विधायक ने कहा कि सड़क बनने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा और समय व श्रम की बचत होगी। उन्होंने कहा कि लोनिवि को सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कर सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़क की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने विधायक का आभार जताया है।

# प्यास बुझाने के लिए ग्रामीण दो किमी दूर से ढो रहे पानी



नई टिहरी। थौलधार ब्लॉक के ग्राम पंचायत इडियान के बागोडी गांव में पेयजल किल्लत बढ़ने से ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीण दो किलोमीटर दूर से स्रोत से पानी ढोने को मजबूर हैं। पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष व बागोडी गांव के निवासी लाखीराम उनियाल, जीतराम जोशी, राजेंद्र जोशी, आमोद जोशी, कांति प्रसाद जोशी, मदन जोशी ने बताया कि गांव में लंबे समय पेयजल किल्लत की समस्या बनी हुई है। डेढ़ वर्ष पूर्व जल संस्थान ने जल जीवन मिशन के तहत पनियार नामे तोक से गांव में लिए पेयजल लाइन बिछाई। बरसात के समय पेयजल स्रोत पर पानी बढ़ने के बाद गांव में प्रतिदिन पानी की सप्लाई होती है, लेकिन गर्मियों और सर्दियों में पेयजल स्रोत पर पानी की कमी होने से चौथे–पांचवें दिन पानी आता है। पानी कि किल्लत होने के कारण ग्रामीणों को करीब दो किलोमीटर दूर चढ़ाई चढ़कर पेयजल स्रोत से पानी लाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी गांव में रहने वाले बुजुर्गों को उठानी पड़ती है। पानी कमी के चलते कई बार ग्रामीणों का आपसी विवाद हो जाता है। पानी की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने अपनी गाय–भैस तक बेच दिए है। कहा कि बागोडी जिले का पहला सैनिक बाहुल्य गांव होने के साथ आदर्श गांव है। पानी की किल्लत के चलते कई लोग गांव से पलायन कर गए हैं। पानी की आपूर्ति न होने के बाद भी जल संस्थान ग्रामीणों को लगातार बिल भेज रहा है। ग्रामीणों की ओर शासन–प्रशासन से पानी की समस्या दूर करने की गुहार लगाई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में इडियान पेयजल योजना से बागोडी गांव को पानी की सप्लाई की जा रही है, स्रोत पर पानी की कमी हो गई है। आसपास कोई अन्य पेयजल स्रोत न होने के कारण बागोडी में पानी नहीं पहुंचाया जा सकता है।

### नगर से देहात तक पुलिस मुस्तैद

देहरादून। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल के सख्त निर्देशों के बाद बुधवार सुबह से ही दून पुलिस अलर्ट मोड पर नजर आई। जिले में नगर से लेकर देहात तक सघन और आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले स्थानों और सीमाओं पर लगातार सतर्कता बरतने का सख्त निर्देश दिया है। पूरे जनपद में 20 प्रमुख चेकिंग प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं।

सभी क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की अलग–अलग टीमों ने इन प्वाइंट्स पर मोर्चा संभाला। बाहरी राज्यों और अन्य जिलों से आने वाले निजी व सार्वजनिक वाहनों की बारीकी से तलाशी ली गई।

# प्लॉटिंग के लिए खोदाई करने से खतरे में आई सी ब्लॉक की बिल्डिंग

नई टिहरी। जिला मुख्यालय में पुलिस थाने के पास सड़क की दीवार तोड़कर खोदाई करने से ऊपर बने मकान खतरे की जद में आ गए हैं। इससे भयभीत भवन स्वामियों ने डीएम को दिए ज्ञापन में भवन की सुरक्षा के लिए खुदाई बंद करने और परिवर्तन कर डंपिंग जोन में भूखंड आवंटन कराने की जांच करने की मांग की है।

पुलिस थाने के पास जेल रोड की ऊपरी साइड से सड़क का पुश्ता तोड़कर जेसीबी मशीन से खोदाई की जा रही है। बताया गया कि बिल्डर वहां आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए प्लॉट तैयार कर रहा है लेकिन अधिक खोदाई करने से उसके पीछे सी ब्लॉक की चार नंबर बिल्डिंग खतरे की जद में आ गई है। बिल्डिंग में निवासरत श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह नेगी और सतीश उनियाल ने डीएम व पुनर्वास निदेशक को दिए ज्ञापन में बताया कि वह क्षेत्र डंपिंग जोन है।

बिल्डरों ने मिली भगत से प्लॉट परिवर्तन कर डंपिग जोन में भूखंड आवंटित करा दिया। उन्होंने करीब पांच मीटर ऊंचा पुश्ता तोड़कर प्लाटिंग के लिए जेसीबी से खोदाई शुरू की तो ठीक उसके ऊपर सी ब्लॉक की चार नंबर बिल्डिंग के आंगन में मोटी दरारें पड़ गई है।

उन्होंने बताया कि बारिश होती है तो आंगन टूटकर बिल्डिंग भी खतरे की जद में आ जाएगी जिससे वहां निवासरत परिवारों को भारी जानमाल का नुकसान हो सकता है। उन्होंने खतरे को देखते हुए खुदाई पर रोक लगाने और परिवर्तित कर डंपिंग जोन में कराए गए आवंटन की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि डीएम ने प्रभारी अधिकारी पुनर्वास को जांच के निर्देश दिए हैं।

# चमोली में वनाग्नि से निपटने हेतु मॉक ड्रिल कर परखी व्यवस्थाएं

जयन्त प्रतिनिधि।



चमोली : जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देशों के क्रम में बुधवार को प्रभागीय वनाधिकारी बद्रीनाथ वन प्रभाग सर्वेश कुमार दुबे के नेतृत्व में अग्नि की संभावित घटनाओं से प्रभावी एवं त्वरित ढंग से निपटने, विभागीय समन्वय को सुदृढ करने तथा स्थानीय समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न वन प्रभागों द्वारा संयुक्त रूप से व्यापक स्तर पर वनाग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सफलता ने यह सिद्ध किया कि जनपद चमोली में वनाग्नि जैसी आपात स्थितियों से निपटने हेतु सभी संबंधित विभाग पूर्णतः सजग, समन्वित एवं तैयार हैं।

बद्रीनाथ वन प्रभाग द्वारा चमोली तहसील के समीप बद्रीनाथ हाईवे से सटे आरक्षित वन क्षेत्र में मॉक ड्रिल संपन्न की गई। मॉक ड्रिल का स्टेजिंग एरिया पुलिस फील्ड में स्थापित किया गया, जहां से सभी टीमें प्रातः 11:00 बजे घटनास्थल के लिए रवाना हुई। निर्धारित परिदृश्य के अनुसार वन क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलते ही संबंधित विभागों को अलर्ट किया गया तथा त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। इस अभ्यास में वन विभाग बद्रीनाथ वन प्रभाग के अतिरिक्त पुलिस विभाग चमोली, एसडीआरएफ, फायर सर्विस चमोली, स्वास्थ्य विभाग, जल संस्थान चमोली, महिला मंगल दल, नवयुवक मंगल दल, वन पंचायत प्रतिनिधि क्षेत्रपाल तथा ग्राम प्रधान खैनूरी सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग द्वारा गोपेश्वर वन पंचायत के कुंड कॉलोनी क्षेत्र एवं अलकनंदा सिविल सोयम वन प्रभाग द्वारा रौली ग्वाड़ के समीप भी वनाग्नि मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान वन्यजीव क्षेत्र में आग लगने की काल्पनिक स्थिति बनाकर त्वरित नियंत्रण, संसाधनों की उपलब्धता एवं विभागीय समन्वय का प्रदर्शन किया गया। इस संयुक्त अभ्यास का मुख्य उद्देश्य वनाग्नि की घटनाओं में त्वरित प्रतिक्रिया, संसाधनों के प्रभावी उपयोग, विभागीय तालमेल की मजबूती तथा स्थानीय समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करना था। अधिकारियों द्वारा उपस्थित जनसमूह को वन संरक्षण, आग से बचाव के उपायों एवं समय पर सूचना देने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर राजस्व पुलिस, फायर सर्विस, चिकित्सा दल, एसडीआरएफ एवं वन विभाग के अलावा वन पंचायत के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

### नकली दवा कारोबार पर एसटीएफ ने तीन और तस्कर गिरफ्तार किए

देहरादून। उत्तराखंड एसटीएफ ने नामी कंपनियों के नाम पर नकली जीवन रक्षक दवाइयां बनाने और बेचने वाले गिरोह के तीन और गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 16 आरोपी सलाखों के पीछे जा चुके हैं। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में रुड़की निवासी नरेश धीमान व लोकेश गुलाटी और देवबंद (सहारनपुर) का मोहतरम अली शामिल हैं। ये तीनों पूर्व में गिरफ्तार मुख्य आरोपी नवीन बंसल के साथ मिलकर संगठित रूप से नकली दवाइयां बाजार में खपाते थे। राजकीय लैब की जांच में जब्त की गई पैरासिटामोल और अन्य दवाइयों के सैंपल पूरी तरह फर्जी पाए गए हैं। डीजीपी दीपम सेठ के निर्देश पर गिरोह के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com